Adda 247 Publications

BOOKS

Visit: publications.adda247.com & store.adda247.com
For any information, mail us at **publications@adda247.com**

Directions (1-6): राहुल जिम जाता है और ट्रेडमिल पर 40 मिनट दौड़ता है। शुरू के 15 मिनट वह 5 किमी/घंटा की समान गति से दौड़ता है और इसके बाद वह शेष समय के लिए 9 किमी/घंटा की समान गति से दौड़ता है। वह ट्रेडमिल पर कुल (A) किमी दौड़ता है। उसके बाद वह अपने घर आता और कार्यालय के लिए तैयार होता, जो उसके घर से 45 किमी की दूरी पर है। वह 1.5 घंटे में पूर्वाह्न 9:30 बजे कार्यालय पहुंचता है।

कार्यालय में वह अपने अधीनस्थ P_1 और P_2 को (B) पर कुछ कार्य देता है। P_1 उस कार्य को 6 घंटों में पूरा कर सकता है जबकि P_1 और P_2 की कार्य क्षमता 5 : 4 के अनुपात में है। P_1 और P_2 मिलकर उस कार्य का 75% अपराह्न 12:30 बजे तक पूरा करते हैं। राहुल और P_2 मिलकर समान कार्य को 3 घंटे में पूरा कर सकते हैं। राहुल की कार्य क्षमता P_1 से (C)% अधिक है। उस कार्य के बाद, वह धारा के प्रतिकूल घर वापस आता है। (धारा की गति 3 किमी/घंटा है तथा शांत जल में उसकी गति और उसके घर से उसे कार्यालय के बीच की दूरी पहले की तरह समान है) वह घर पहुंचने में (D) घंटे लेता है।

जब वह घर पहुंचता है, उसके दो मित्र अमन और रमन उसके घर आते हैं। वे तीनों एक खेल खेलना आरंभ करते हैं, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति द्वारा 2 पासों का प्रयोग किया जाता है। (E) उन परिणामों की संख्या है जिसमें पहले राहुल और फिर अमन ने अपने क्रमिक पासे फेकें हैं। खेल में, तीनों अपने पासे फेकते हैं और उनमें से प्रत्येक सभी को पासों में संख्याओं के योग के रूप में 8 प्राप्त होता है और दो में से किसी एक को समान परिणाम प्राप्त नहीं होता है। विजेता वह होता है जिसे संख्या के वर्ग के योग के रूप में उच्चतम संख्या प्राप्त होती है। रमन के पासों का परिणाम (F) होना चाहिए, यदि रमन खेल का विजेता है।

Q1. 'A' के स्थान पर कौन-सा मान आएगा?

(a) 4.25 किमी

(b) 3.75 किमी

(c) 5 किमी

(d) 5.25 किमी

(e) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

Q2. 'B' के स्थान पर कौन-सा मान आएगा?

(a) पूर्वाह्न 10:45 बजे

(b) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

(c) पूर्वाह्न 11 बजे

(d) पूर्वाह्न 10:30 बजे

(e) पूर्वाह्न 10 बजे

Q3. 'C' के स्थान पर कौन-सा मान आएगा?

(a) $16\frac{2}{3}\%$

(b) 20%

(c) 25%

(d) $33\frac{1}{3}\%$

(e) 50%



Q4. 'D' के स्थान पर कौन-सा मान आएगा?

(a) 2 घंटा

(b) 1.5 घंटा

(c) $1\frac{7}{8}$ घंटा

(d) $1\frac{2}{3}$ घंटा

(e) $1\frac{4}{11}$ घंटा

Q5. 'E' के स्थान पर कौन-सा मान आएगा?

(a) 72

(b) 42

(c) 36

(d) 108

(e) 54

Q6. 'F' के स्थान पर कौन-सा मान आएगा?

(a) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

(b) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(c) 3 और 5

(d) 4 और 4

(e) 2 और 6

Q7. यदि एक आयत की लम्बाई में 6 से.मी. की कमी की जाती है तो हमे एक वर्ग प्राप्त होता है तथा इस वर्ग का क्षेत्रफल, वास्तविक आयत की चौड़ाई में 6 से.मी. की वृद्धि करने से प्राप्त वर्ग के क्षेत्रफल से 252 से.मी.^{2} कम होता है। आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए।

(a) 42 सेमी

(b) 88 सेमी

(c) 80 सेमी

(d) 84 सेमी

(e) 72 सेमी

Q8. आयत की चौड़ाई, वर्ग के विकर्ण के बराबर है जिसकी भुजा $2.5\sqrt{2}$ सेमी है। आयात की लम्बाई और चौड़ाई का अनुपात 3 : 1 है। आयत का क्षेत्रफल (सेमी.वर्ग में) ज्ञात कीजिए।

(a) 125

(b) 75

(c) 90

(d) 100

(e) 115

Q9. एक नाव द्वारा धारा के प्रतिकूल और धारा के अनुकूल समान दूरी कुल 5 घंटों में तय की जाती है। धारा के प्रतिकूल और धारा के अनुकूल नाव की गति का योग 40 किमी/घंटा है। शांत जल में नाव की गति, धारा की गति से 600% अधिक है। नाव द्वारा धारा के अनुकूल तय की गयी लगभग दूरी (किमी में) ज्ञात कीजिए।

(a) 40
(b) 35
(c) 55
(d) 59
(e) 50



Q10. A और B क्रमशः 800 रुपए और 1600 रुपए के साथ एक साझेदारी में प्रवेश करते हैं। 9वें महीने से, वे प्रत्येक महीने से शुरू में 100रुपए अधिक के निवेश का निर्णय करते हैं। यदि कुल वार्षिक लाभ 7700 रुपए है, तो A का लाभ हिस्सा ज्ञात कीजिए।

(a) 2650 रु.
(b) 3250 रु.
(c) 4250 रु.
(d) 2350 रु.
(e) 1650 रु.

Q11. A एक व्यवसाय आरंभ करता है, 6 महीने के बाद B भी 4500 रु. की धनराशि के साथ व्यवसाय में शामिल होता है तथा B के शामिल होने के 2 महीने बाद, C भी 4500 रु. के साथ व्यवसाय में शामिल होता है। यदि A को 10,000 के कुल वार्षिक लाभ में से लगभग 4900 रु. प्राप्त होते है, तो A के आरंभिक निवेश का अनुमानित मान ज्ञात कीजिए।

(a) 4800 रु.
(b) 4200 रु.
(c) 3600 रु.
(d) 4400 रु.
(e) 5200 रु.

Directions (12-16): नीचे दिया गया बार-चार्ट पाँच वस्तुओं के विक्रय मूल्य तथा रवि द्वारा इन वस्तुओं को बेचने पर प्राप्त लाभ% को दर्शाता है। डाटा का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



Q12. रवि वस्तु 'D' श्याम को बेचता है, जो पुन: उसे 25% लाभ पर बेचता है। श्याम द्वारा प्राप्त लाभ का, रवि द्वारा प्राप्त लाभ से अंतर ज्ञात कीजिए।

(a) 5 रु.

(b) 10 रु.

(c) 15 रु.

(d) 20 रु.

(e) 25 रु.

Q13. वस्तु 'A' का क्रय मूल्य, वस्तु 'C' के क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक/कम है?

(a) 62.5%

(b) 37.5%

(c) 25%

(d) 75%

(e) 50%

Q14. रवि वस्तु B का मूल्य इसके क्रय मूल्य से 50% अधिक अंकित करता है, तो दिया गया लाभ प्राप्त करने के लिए अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट दी जानी चाहिए?

(a) 40%

(b) 30%

(c) 25%

(d) 20%

(e) 10%

Q15. वस्तु 'E' को बेचने पर प्राप्त लाभ, वस्तु 'C' को बेचने पर प्राप्त लाभ से कितना अधिक/कम है?

(a) 40 रु.

(b) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

(c) 30 रु.

(d) 20 रु.

(e) 10 रु.

Q16. रवि वस्तु 'A' पर मूल्य अंकित करता है जिससे 16% छूट पर वस्तु 'A' को बेचने पर वह दिया गया लाभ प्राप्त करेगा। वस्तु 'A' का अंकित मूल्य, इसके क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

(a) $33\frac{1}{3}\%$

(b) $66\frac{2}{3}\%$

(c) $16\frac{2}{3}\%$

(d) $26\frac{2}{3}\%$

(e) $73\frac{1}{3}\%$

Direction (17-20): - निम्नलिखित प्रश्नों में I और II दो मात्राएं दी गई हैं। मात्राओं को हल कीजिए तथा इनके संख्यात्मक मानो की तुलना करके, दिए गए विकल्पों के अनुसार उत्तर दीजिए।

Q17. $3^{x+5}.9^{2x-4} = 9^{5x-14}$ **और,** $2y^2 - 15y - 28 = 3y^2 - 23y - 13$

मात्रा I: 'x' का मान

मात्रा II: 'y' का मान

(a) मात्रा I > मात्रा II

(b) मात्रा I < मात्रा II

(c) मात्रा I ≥ मात्रा II

(d) मात्रा I ≤ मात्रा II

(e) मात्रा I = मात्रा II या कोई संबंध नहीं

Q18. मात्रा I: जब एक वस्तु 28% की छूट पर बेची जाती है, तो 29.6% का लाभ प्राप्त होता है। 30% छूट पर बेची गई वस्तु का लाभ 'x' % है।

मात्रा II: 38

(a) मात्रा I = मात्रा II या कोई संबंध नहीं

(b) मात्रा I < मात्रा II

(c) मात्रा I ≤ मात्रा II

(d) मात्रा I ≥ मात्रा II

(e) मात्रा I > मात्रा II

Q19. 12 पुरुष एक कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 18 महिलाएं समान कार्य 20 दिनों में कर सकती हैं। 27 बच्चे समान कार्य 20 दिनों में कर सकते हैं। 9 महिलाएं और 9 बच्चे मिलकर समान कार्य को 16 दिन में कर सकते हैं।

मात्रा I: एक दिन में शेष काम को पूरा करने के लिए आवश्यक पुरुषों की संख्या

मात्रा II: 36

(a) मात्रा I > मात्रा II

(b) मात्रा I ≤ मात्रा II

(c) मात्रा I = मात्रा II या कोई संबध नहीं

(d) मात्रा I < मात्रा II

(e) मात्रा I ≥ मात्रा II

Q20. मात्रा I: टैंक को भरने में लिया गया समय यदि A, B और C को प्रत्येक वैकल्पिक मिनट पर खोला जाता है जो A से शुरू होता है और C पर खत्म होता है. टैंक को भरने के लिए A, B और C अकेले क्रमशः 20 मिनट, 15 मिनट और 12 मिनट का समय लेते हैं।

मात्रा II: पूरी टंकी को खाली करने के लिए निकासी पाइप द्वारा लिया गया समय ज्ञात कीजिए। दो पाइप एक टंकी को अकेले क्रमशः 10 मिनट और 15 मिनट में भर सकते हैं। जब ये दोनों पाइप निकासी पाइप के साथ खोले जाते है, तो टंकी 18 मिनट में भर जाती है।

(a) मात्रा I > मात्रा II
(b) मात्रा I < मात्रा II
(c) मात्रा I ≥ मात्रा II
(d) मात्रा I ≤ मात्रा II
(e) मात्रा I = मात्रा II या कोई संबंध नहीं

Directions (21-25): नीचे दिया गया डाटा तीन अलग-अलग घरों में पंखा, रोशनी और अन्य उपकरणों द्वारा खपत बिजली इकाई संख्या को दर्शाता है। डाटा का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

आवास A → आवास 'A' में खपत की गयी इकाइयों की कुल संख्या 250 हैं, जिनमें से 120 इकाई अन्य उपकरणों द्वारा खपत की जाती हैं। पंखो द्वारा खपत की गयी इकाई, लाइट्स द्वारा खपत किए गए इकाई से 30 कम है।
आवास B → आवास 'A' और आवास 'B' में लाइट द्वारा खपत की गयी इकाई समान हैं। आवास 'B' में पंखो द्वारा खपत की गयी इकाई, आवास 'A' में पंखो की तुलना में 60% अधिक हैं।
आवास C → तीनों आवासों में लाइट द्वारा खपत की गयी कुल इकाई 200 हैं तथा आवास C में पंखो और लाइट द्वारा खपत की गई इकाई के समान हैं। अन्य उपकरणों द्वारा खपत की गयी इकाई, इस आवास में पंखो द्वारा खपत की गयी इकाई से 125% अधिक है। तीनों आवासों में अन्य उपकरणों द्वारा खपत की गयी कुल इकाई 320 हैं।

Q21. आवास 'B' में लाइट द्वारा खपत की गयी इकाई की संख्या, आवास 'C' में लाइट द्वारा खपत की गयी इकाई मात्रक से कितने प्रतिशत अधिक है?
(a) 100%
(b) 200%
(c) 120%
(d) 50%
(e) 150%

Q22. आवास 'B', 'C' और 'D' में अन्य उपकरणों द्वारा खपत की गयी इकाइयों की औसत संख्या 110 इकाई है। आवास 'D' में अन्य उपकरणों द्वारा खपत की गयी इकाई ज्ञात कीजिए।
(a) 110 इकाई
(b) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं
(c) 130 इकाई
(d) 120 इकाई
(e) 140 इकाई

Q23. आवास 'A' और 'C' मिलाकर खपत की गयी इकाई की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं
(b) 410 इकाई
(c) 430 इकाई
(d) 400 इकाई
(e) 420 इकाई

Q24. आवास 'B' और आवास 'C' में अन्य उपकरणों द्वारा खपत की गयी इकाई के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

(a) 10 इकाई
(b) 20 इकाई
(c) 30 इकाई
(d) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं
(e) 40 इकाई



Q25. आवास 'C' में पंखों और रोशनी को मिलाकर खपत की गयी कुल इकाई का, आवास 'A' में रोशनी और अन्य उपकरणों द्वारा खपत की गयी कुल इकाई से कितने प्रतिशत कम है?

(a) 20%
(b) 40%
(c) 50%
(d) 60%
(e) 80%